तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



लायंस क्लब के निःशुल्क निःसंतान दंपति जांच शिविर से 42 लाभान्वित

4




## खबर संक्षेप

### लगरा में 43 क्विंटल अवैध धान जब्त, कार्रवाई जारी

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में बिचौलियों एवं कोचियों के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में तहसील पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम लगरा में पवन अग्रवाल के परिसर से 43 क्विंटल अवैध धान पाए जाने पर उसे मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत जप्त किया गया। संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध धान भंडारण, परिवहन एवं खरीदी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि धान खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं नियंत्रित बनी रहे।

### 13 बालकों को मिला पालन पोषण देखरेख परिवार

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में संस्था में निवासरत विगत एक वर्ष में अब तक कुल 13 बालकों को पालन पोषण देखरेख परिवार से जोड़ा गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था में निवासरत एक बालक को आज पालन-पोषण देखेरख परिवार जिला कोरबा नियमानुसार अस्थायी आदेश पर सपुर्द किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा दिए गए आवेदन पश्चात बच्चों के उनके पालन-पोषण परिवार के साथ समन्वय हेतु मैचिंग प्रक्रिया करायी गयी। जिसमें बालक एवं पालक को एक दूसरे को समझने का अवसर प्राप्त हुआ एवं बच्चों द्वारा भावी पालन-पोषण देखेरख परिवार के साथ उनके घर जाने की इच्छा जाहिर की गयी और परिवार द्वारा भी बच्चों को अपने गृह जिला निवास ले जाने हेतु सहमति पर बाल कल्याण समिति द्वारा अस्थायी आदेश जारी किया गया।

### जिले में 19 से 25 तक होंगे शिविर का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जिले में 19 से 25 दिसंबर तक विविध कार्यक्रम एवं विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में आयोजित होने वाले अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना, नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा बेहतर सेवा वितरण को सुदृढ़ करना है। इसके अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आमजन की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा। 19 दिसम्बर को हाई स्कूल हरदी में जोन स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत खोखरा के मनकादाई मंदिर परिसर में, पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुलमुला के मिडिल स्कूल के पास जोन स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

दस्तावेजों के अभाव में नहीं हो सके शामिल, कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

# परिक्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता से वंचित हुए अग्रणी कॉलेज के बास्केटबाल खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अग्रणी ठाकुर छेदीलाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बास्केटबाल खिलाड़ी परिक्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने से वंचित हो गए। दरअसल अकलतरा में आयोजित इस स्पर्धा में शामिल होने के लिए खिलाड़ी छात्र समय पर मैदान में पहुंच चुके थे, लेकिन ऐनवक्त पर दस्तावेजों का अभाव और जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति से उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों तक जा पहुंची है।

इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार महाविद्यालयीन परिक्षेत्र स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता अकलतरा स्थित डॉ. इन्द्रजीत सिंह शासकीय महाविद्यालय में आयोजित की गई थी, जिसमें भाग लेने के लिए टीसीएल कॉलेज की पुरुष एवं महिला टीम समय पर प्रतियोगिता स्थल पर पहुंची थी, लेकिन आवश्यक दस्तावेजों के अभाव और क्रीड़ा अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सके।खिलाड़ियों का आरोप है कि महाविद्यालय में पदस्थ क्रीड़ा अधिकारी नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थित नहीं रहतीं। वे रायपुर से आना-जाना करती हैं, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास, मार्गदर्शन एवं प्रतियोगिताओं से संबंधित औपचारिकताओं में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों ने यह भी कहा कि क्रीड़ा अधिकारी की गैरमौजूदगी के कारण समय पर आवश्यक दस्तावेज तैयार नहीं हो सके, जिससे पूरी टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई और खिलाड़ियों की मेहनत व्यर्थ चली गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए खिलाड़ियों ने आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, इंद्रावती भवन रायपुर को लिखित शिकायत सौंपते हुए क्रीड़ा अधिकारी की अनुपस्थिति एवं लापरवाही की जांच की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, जांजगीर-चांपा सांसद, जांजगीर-चांपा विधायक, कुलपति रायगढ़ विश्वविद्यालय, कलेक्टर जांजगीर-चांपा एवं प्राचार्य शासकीय टी.सी.एल. पी.जी. महाविद्यालय जांजगीर को भी प्रेषित की गई है।शिकायत करने वाले खिलाड़ियों में शैलेन्द्र कहरा, निहाल पाण्डेय, कमलेश शर्मा, राजीव राठौर एवं तुषार शामिल हैं। खिलाड़ियों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी खिलाड़ी का खेल और करियर प्रभावित न हो। खिलाड़ियों ने यह भी कहा कि क्रीड़ा अधिकारी की गैरमौजूदगी के कारण समय पर आवश्यक दस्तावेज तैयार नहीं हो सके, जिससे पूरी टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई और खिलाड़ियों की मेहनत व्यर्थ चली गई। इस पूरे मामले को लेकर कॉलेज के प्राचार्य ने जांच करवानी की बात कही है। ताकि किसी भी खिलाड़ियों के साथ किसी तरह का गलत ना हो सके।



शिकायत पत्र सौंपते खिलाड़ी।

**कराएंगे जांच**

महाविद्यालय के छात्र छात्राएं खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अकलतरा पहुंचे थे। कई खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो पाए। इस पूरे मामले को लेकर जांच कराई जाएगी।

-डी.आर लहरे

प्राचार्य, टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर

# बिजली बिल बकाया मामले में कार्रवाई, 4 दर्जन उपभोक्ताओं के काटे गए कनेक्शन

## विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा 8 टीमों का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विदयुत विभाग चाम्पा संभाग के द्वारा बकायादारो पर कार्यवाही करते हुए 4 दर्जन से अधिक उपभोक्ताओ के कनेक्शन काटे गए है। जिनसे करीब 22 लाख 50 हजार रूपए वसूल किया जाना है। । कार्यवाही को लेकर 8 टीमो का गठन किया गया है।

गौरतलब है कि विद्युत मंडल कंपनी के द्वारा विदयुत उपभोक्ताओ पर बकाया वसुली को लेकर एक्शन मोड पर है। जिसके तहत सोमवार 15 दिसम्बर को विभाग के द्वारा चाम्पा संभाग में कार्यवाही करते हुए चार दर्जन से अधिक उपभोक्ताओ के विदयुत कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गई है। इन उपभोक्ताओ से करीब 22 लाख रूपऐ की राशि वसुल किया जाना है। विदयुत कनेक्शन काटने एवं जुर्माना वसुल किए जाने को लेकर 8 टीमो का गठन विदयुत विभाग के द्वारा किया गया है। जिसके कारण बिजली बिल का जमा नही करने वाले उपभोक्ताओ में हडकंप मचा हुआ है।इन दिनो बडे पैमाने पर विदयुत विभाग के द्वारा विदयुत बकायादारो पर कार्यवाही को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके पूर्व भी सक्ती जिले के नगर पंचायत जैजैपुर एवं जांजगीर चाम्पा जिले के नगर पालिका परिषद अकलतरा में अभियान चलाकर बडे पैमाने पर कार्यवाही की गई थी। के जिसके चलते इस तरह के बकायादारो में हडकंप मचा हुआ है। आने वाले दिनो में जांजगीर शहर में भी इस तरह का अभियान चलाकर बकायादारो के कनेक्शन काटने से लेकर जुर्माना वसुल करने की कार्यवाही की जाएगी। बिजली का उपयोग तो चाम्पा शहर के लोग बडे पैमाने पर करते है। वही दुसरी ओर कई उपभोक्ता बिजली का बिल जमा करने को लेकर ध्यान तक नही देते। जिसके तहत कार्यवाही की गई है।


विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई करने पहुंचा अमला।

### 64 उपभोक्ताओ से वसूली गई 14 लाख की राशि

विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा चाम्पा जोन में विद्युत बकायादारो पर कार्यवाही करते हुए करीब 64 विदयुत उपभोकताओ से 14 लाख 91 हजार रूपऐ की वसुली की गई है। जिसके चलते विदयुत बकायादारो में हडकंप मच गया है। आने वाले समय में इस तरह की कार्यवाही शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में की जाएगी। कार्यवाही को लेकर बिजली विभाग के द्वारा 8 टीमो का गठन किया गया है।

**काटे गए कनेक्शन**

विभाग के द्वारा चाम्पा जोन में बकायादारो पर कार्यवाही करते हुए 4 दर्जन से अधिक उपभोक्ताओ के कनेक्शन काटे गए है। साथ ही साथ 64 बकायादारो से 14 लाख 91 हजार रूपए की वसूली की गई है। इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

-अमर चौधरी,

अधीक्षण यंत्री, विद्युत मंडल कार्यालय जांजगीर

# धार्मिक भावनाओं को पहुंचाई ठेस पूर्व प्रभारी प्राचार्य गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में आत्मानंद स्कूल डोंगाकोहरौद के पूर्व प्रभारी प्राचार्य को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगाकोहरौद के पूर्व प्रभारी प्राचार्य कुंज किशोर के द्वारा विद्यालय के छात्रो के समक्ष हिन्दू देवी देवताओ के प्रति अपमान जनक टिप्पणी कर हिन्दू धर्म के धार्मिक भावनाओ को आहत कर ठेस पहुंचाया गया जो सोशल मिडिया के माध्यम से वायरल हुआ था। जिसकी सूचना रिपोर्ट आरोपी के विरुद्ध थाना पामगढ़ में धारा 299 बी.एन.एस. कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी कुंज किशोर पामगढ को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 15 दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, स.उ.नि. रामदुलार साहू, आर यशवंत पाटले एवं थाना पामगढ़ स्टाफ योगदान रहा।

### छापा मार कार्रवाई कर 8 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** पुलिस ने छापा मारकर जुआ खेल रहे 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से 11850 रुपए व ताश को बरामद किया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटगढ़ का है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटगढ़ के सुनसान इलाके में जुआ खेलने की सूचना पुलिस को मिलने पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा की टीम के द्वारा छापा मार कार्रवाई की गई एवं मौके से जुआ खेल रहे सूरज मिरी पिता विनोद मिरी उम्र 20 वर्ष, केवट पिता शिवचंद केवट, महेन्द्रर सिह मिरी पिता विनोद कुमार मिरी उम्र 24 वर्ष, सूरज यादव पिता राम कुमार यादव, शिवा धीवर पिता लखेश्वनर धीवर उम्र 22 वर्ष, रामगोपाल डहरिया पिता दिलहरण डहरिया उम्र 43 वर्ष, राजेन्द्र कुमार ऊर्फ गुड्डू पिता तीजराम साहू एवं ओम प्रकाश यादव पिता संतोष यादव उम्र 37 वर्ष को जुआ अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान जारी के कब्जे से 11850 रुपए नगद एवं 52 पत्ती ताश बरामद किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, प्रधान आरक्षक विकाश मिश्रा आरक्षक, राजकुमार पाण्डैय, शंकर यादव एंव सायबर सेल जांजगीर का योगदान रहा। इधर कार्रवाई से जुआरियों में हडकंप मच गया है।

## अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी कार्रवाई

# अफसरों ने दबिश देकर 7 वाहनों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर सख्त रुख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उड़नदस्ता दल द्वारा सोमवार को अवैध परिवहन में लगे 7 वाहनों को जब्त किया गया है। जिले के विभिन्न स्थानो नवापारा, केवा, पीपरदा, पुछेली, खपरीडीह एवं बम्हनीडीह क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक निरीक्षण किया गया।

खनि अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि ग्राम केवा से खनिज रेत के अवैध उत्खनन कार्य में संलिप्त 1 चौन माउण्टेन मशीन पाया गया, जिसे मौके पर सील कर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया। ग्राम पीपरदा में 6 हाईवा से खनिज रेत के अवैध परिवहन कार्य में संलिप्त पाये जाने पर मौके पर सील कर नोटिस चस्पा किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पीपरदा में ही खनिज रेत के अवैध भण्डारण के 2 प्रकरण दर्ज किये गये जिसमें 1 प्रकरण शासकीय भूमि में खनिज रेत भण्डारण मात्रा लगभग 200 घ.मी. तथा दूसरे प्रकरण में खनिज रेत भण्डारण मात्रा लगभग 240 घ.मी. तेरस पिता समधीन निवासी पीपरदा द्वारा किया जाना पाया गया। ग्राम बम्हनीडीह में मेसर्स बाबा सिद्धेश्वर कंस्ट्रक्शन के पक्ष में स्वीकृत खनिज रेत के अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र में अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनियमितता किया जाना व भण्डारण नियमो का उल्लंघन तथा कार्यालय द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने कारण उक्त स्वीकृत दोनो अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति को निरस्त किया गया है। साथ ही साथ 7 वाहनों को थाने के सुपुर्द किया गया है।



जब्त वाहन के साथ अफसर।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### लंबे समय से जर्जर शिवरीनारायण-खैरताल सड़क का निर्माण कार्य शुरु



**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण से खड़ताल को जोड़ने वाली लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत होते ही क्षेत्र के नागरिकों ने राहत की सांस ली है। वर्षों से गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को। निर्माण कार्य शुरू होते ही आमजनों में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों ने सुरक्षित और सुगम आवागमन मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में इस मार्ग से गुजरना बेहद जोखिम भरा हो जाता था, लेकिन अब सड़क निर्माण से आवागमन सुचारू होने की उम्मीद जगी है। सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार दीपक अग्रवाल उर्फ कल्लू सेठ द्वारा कराया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य होता रहा, तो क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि लंबे समय से चली आ रही परेशानी से निजात मिल सके।


### युकां जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचे युवा कांग्रेसी



**चांपा।** दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित मोदी सरकार की वोट चोरी के खिलाफ कार्यक्रम में हिस्सा लेने देशभर से कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। इसमें जिले से युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला के नेतृत्व में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव गौरव सिंह, आकश तिवारी, भूपेंद्र यादव, आकाश सिंह, लाला जायसवाल, महेन्द्र कश्यप, अंशु रजक, ओमप्रकाश साहू, संस्कार सिंह राठौर, विक्रम कारके, सिद्धार्थ राठौर, अविनाश यादव, सागर यादव, अशोक बर्मन, बबला यादव, खगेन्द्र तिवारी, दिनेश कश्यप, जय विनोद, सत्येंद्र समेत जिले के युवा कांग्रेसी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## निधन

### महेत्तराम पटेल



**सक्ती।** ग्राम टेमर के प्रतिष्ठित नागरिक महेत्तर राम पटेल निधन हो गया। वे 100 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं सजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### श्रीमती कौशिल्या बाई देवांगन



**राहौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक जीवराखन लाल देवांगन की चाची श्रीमती कौशिल्या बाई देवांगन कि 75 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन 14 दिसंबर को हो गया। अंतिम संस्कार सोमवार 15 दिसंबर को नगर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि संजय देवांगन दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ प्रदेश मंत्रीमंडल की होगी उपस्थिति

# भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर जिले में होगा बड़ा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्तागण।

विष्णुदेव साय सरकारके दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय जांजगीर में बड़ा आयोजन किया गया है। 22 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जगतप्रकाश नड्डा के साथ मुख्यमंत्री और पूरा मंत्री मंडल समेत दिग्गज नेता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला भाजपा ने तैयारी शुरु कर दी है। इसी कड़ी में भाजपा जिला कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि प्रदेश मे हमारी सरकार बनने के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले को मेजबानी का मौका मिला है। जोशपूर्ण तरीके से अपने नेता का स्वागत करेंगे।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जगतप्रकाश नड्डा का केंद्रीय मंत्री बनने के पश्चात प्रथम बार जांजगीर आगमन हो रहा है। उनका आगमन हम सब जिलेवासियो के लिए अत्यंत ही गौरव का विषय है। सरकार के सफलतापूर्वक पुरे दो वर्ष होने की खुशी मे यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसका आयोजन करने का अवसर हम जिले वासियो को प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम में करीब पचास हजार से अधिक विशाल जनसभा को श्री नड्डा संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्ण रुप से सरकारी है, जिसके लिए जिला प्रशासन से इसकी तैयारी हेतु प्रारंभिक बातचीत हुई है और उन्होंने अभी से कार्यक्रम की तैयारी भी शुरु कर दी है। आगे उन्होंने कार्यकर्ताओ को कहा कि यह कार्यक्रम चूंकि जिले में आयोजित हो रहा है हम इस कार्यक्रम के मेजबान है, इसके लिए हमको कड़ी मेहनत कर अधिक से अधिक संख्या मे आम जनता व अपने कार्यकर्ताओ को सभा स्थल तक लाया जाए, जिससे कार्यक्रम को अधिक से अधिक सफल बनाया जा सके। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि श्री नड्डा का आगमन में अब केवल एक सप्ताह का समय शेष रह गया है, जिसके लिए हमको अभी से इसकी तैयारी शुरु कर देना चाहिए। कार्यक्रम में पुरे प्रदेश व आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में आम जन व कार्यकर्ताओ कार्यक्रम स्थल तक लाने पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्थ करनी होगी जिसके लिए अलग अलग क्षेत्र व गांव के लिए प्रभारी नियुक्त होंगे। कार्यक्रम मे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश चौधरी समेत भाजपा प्रदेश के सभी बड़े दिग्गज नेता मंत्रीगण सांसद विधायक संगठन के बड़े नेता पदाधिकारी प्रभारी गण उपस्थित रहेंगे। बैठक में पूर्व सांसद कमला पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, नंदनी रजवाड़े, पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी, अमर सुल्तानिया, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, विकास शर्मा, संतोषी दुबे, शिशुपाल सिंह, प्रतिमा डेहरे, हितेश यादव, लोकेश शुक्ला, शिवेंद्र सिंह, गोपेश तुलशयान, समर्थ सिंह, ध्वजाराम साहू, निलेश गुप्ता, संतोष थवाईत ओमप्रकाश श्रीवास, मोहन यादव, विवेक सिंह, सतीश शर्मा सुशील सिंह, पुष्पेंद्र निर्मलकर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ता उत्साहित

भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिलेभर में पार्टी कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी में नया दायित्व ग्रहण करने पर श्री नबीन को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।



बैठक में व्यापारियों को जानकारी देते थाना प्रभारी।

# सभी व्यापारी अपने दूकानों में लगाएं सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

पुलिस थाना बिर्रा के निरीक्षक जयकुमार साहू ने बिर्रा के व्यापारियों का आवश्यक बैठक नवीन ग्राम पंचायत भवन बिर्रा में आयोजित किया गया। बैठक थाना प्रभारी निरीक्षक जयकुमार साहू, जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह, सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ संघ मणीलाल कश्यप की उपस्थिति में हुआ।

निरीक्षक जयकुमार साहू ने कहा कि आप सभी व्यापारी अपने दूकान में सीसीटीवी कैमरे लगाए और एक एक कर्मचारी की नियुक्त कर दुकानों पर पैनी नजर रखने की बात कही। इसके साथ ही किसी भी अजनबी, मुसाफिर को ज्यादा शंका होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दे। वहीं जेवलर्स अपने दूकान में एक दूकान में गार्ड को गेट के सामने खड़ा रखे और चौकीदार को हमेशा चौकन्ना रहने निर्देशित करें। उन्होंने दूकानदारों से अपने दराज में चार सौ रुपए से ज्यादा नहीं रखने की बात कही। वहीं जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह ने कहा कि बढ़ती चोरी की घटनाएं को लेकर सभी व्यापारी पंचायत पुलिस की बैठक बुलाई गयी है , जिससे सभी व्यापारी के हित में निर्णय लिया जाएगा। बैठक में व्यापारी प्रकोष्ठ संघ मणीलाल कश्यप, सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ संघ रुपचंद देवांगन ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर कमला प्रसाद आदित्य, राधे केशवानी, छोटे लाल केंवट, बलराम कश्यप, राहुल कश्यप, छतबाई कर्ष, विमला चौहान, उपसरपंच प्रतिनिधि विमला गोपाल कश्यप ,गुड्डू साहू, सिराज मेमन, नरेश देवांगन सहित व्यापारीगण उपस्थित थे।

# खोखरा चौक का नाम मां मनका दाई चौक घोषित करने की मांग



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के समीपस्थ ग्राम खोखरा स्थित चौक का नाम मां मनका दाई चौक घोषित करने की मांग मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई है। इसे लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत खोखरा में मां मनका दाई का मंदिर स्थित है जो जिले का प्रसिद्ध धार्मिक आस्था का केन्द्र है। जिला मुख्यालय जांजगीर के कृषि उपज मंडी कार्यालय के पास स्थित खोखरा पहुंच मार्ग चौक का नाम मां मनका दाई चौक के नाम से करने की मांग मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई है। इसे लेकर कलेक्टर को मां मनका दाई मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राधेलाल थवाईत द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।

# जांजगीर में फोस्टर केयर का 13वां प्लेसमेंट पूर्ण



**जांजगीर-चांपा।** बाल कल्याण समिति जांजगीर-चांपा के आदेश से फोस्टर केयर के लिए चिन्हांकित बालक उमेश 12 वर्षीय कोरबा जिले के बाल संरक्षण समिति के चयन परिवार कोरबा के निवासी मुकेश गुप्ता एवं श्रीमती दिव्या गुप्ता के परिवार में हुआ। जिनका 2 बच्चा होते हुए फोस्टर केयर से एक बच्चा लिया गया। एक बेटे की मृत्यु हो चुकी है। बाल कल्याण समिति जिला जांजगीर-चांपा, जिला बाल संरक्षण इकाई- जांजगीर-चांपा द्वारा सारी औपचारिकताओं को जे-जे एक्ट के मानकों के अनुरूप पूरा किया गया। साथ ही सभी समिति के सदस्यों और बाल संरक्षण इकाई तथा सी ई ए सी द्वारा बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस इन अल्टरनेटिव केअर के द्वारा इस पूरी प्रक्रिया में भरपूर सहयोग मिला। बालक परिवार के बीच मे जाकर काफी खुश दिखाई दिए व परिवार भी बालिका को साथ ले जाने के लिए काफी उत्साहित नजर आए। यह प्लेसमेंट जिला बाल कल्याण समिति से गणेश शर्मा- अध्यक्ष व सदस्य श्रीमति अनुराधा शुक्ला, देव बर्मन, तपोधन सिसोदिया, श्रीमति आरती यादव, के आदेश से हुआ। इस प्रक्रिया में जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेंद्र जायसवाल, ज्योति मिश्रा, खगेश पटेल, प्रजेश शर्मा भी मौजूद रहे।

# जिले में 1 लाख 37 हजार से अधिक परिवारों तक पहुंचा नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



■ 456 ग्रामों के लिए 565 योजनाएं की गई हैं स्वीकृत

नवगठित सक्ती जिला जांजगीर-चांपा जिले से विभाजित होकर 9 सितम्बर 2022 को छत्तीसगढ़ राज्य के 33 वें जिले के रूप में गठित हुआ। जिला गठन के बाद से ही जल जीवन मिशन जिला प्रशासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में अग्रणी रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा पीएचई के कार्यपालन अभियंता को जल जीवन मिशन योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन करने और ग्रामीणजनों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिसके तहत नवगठित सक्ती जिले में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की दिशा में जल जीवन मिशन मील का पत्थर साबित हुई है। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में अब तक एक लाख सैंतीस हजार एक सौ उन्तालीस परिवारों तक घरेलू नल कनेक्शन पहुंच चुका है। जिससे ग्रामीणजन लाभान्वित हो रहे हैं। भारत सरकार व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन, जिसका क्रियान्वयन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिला प्रशासन के दिशा निर्देशन में पूरी जिम्मेदारी से किया जा रहा है। सक्ती जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 456 ग्रामों के लिए 565 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनकी कुल लागत 60,172.72 लाख रुपए है। इन योजनाओं के माध्यम से जिले के 1,56,245 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। नवगठित सक्ती जिले के गठन से पहले 58,491 परिवारों को ही घरेलू नल कनेक्शन प्राप्त था, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 1,37,139 परिवारों तक पहुंच गई है। यह वृद्धि जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे सघन और प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सक्ती जिले के चारों विकासखंड सक्ती, जैजैपुर, डभरा और मालखरौदा में नल जल योजनाओं का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# सेजेस में आयोजित हुआ विदाई व सम्मान समारोह

**चांपा।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा (सेजेस) से जुड़ी प्रेरक शैक्षणिक परंपराओं को सहेजते हुए, विद्यालय परिवार द्वारा विदाई एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन मशाल ढाबा में किया गया। यह आयोजन वर्ष 2008 से सेजेस में वरिष्ठ व्याख्याता के रूप में सेवाएं दे रहे रमाकांत साव के प्राचार्य बसंतपुर के रूप में पदस्थ होने, संजय जैन के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) चांपा में प्राचार्य के रूप में नवपदस्थ होने तथा प्रधान पाठक साधराम मधुकर के गौरव ग्राम अफरीद स्थानांतरण के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। इसके पश्चात संस्था के शिक्षक, साहित्यकार एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र द्विवेदी ने रमाकांत साव के प्रेरणादायी शैक्षणिक जीवनवृत्त एवं सेवायात्रा का सारगर्भित परिचय प्रस्तुत किया। साथ ही नवपदस्थ प्राचार्य संजय जैन का स्वागत एवं परिचय कराया। विद्यालय परिवार द्वारा रमाकांत साव, संजय जैन एवं साधराम मधुकर का पुष्पगुच्छ, कौशेय वस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक एवं ज्योतिषाचार्य उमाशंकर चतुर्वेदी, राजकुमार तम्बोली, राजेश उपाध्याय तथा श्रीमती निमिषा जेम्स ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संयोजन निमिषा जेम्स, संचालन गोविंद नारायण शर्मा तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती सीमा राठौर द्वारा किया गया।



# सरकारी बैंक में किसानों को पैसे निकालने में सुविधाओं के लिए की गई व्यापक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



पैसा निकालने सहकारी बैंक में लगी किसनों की भीड़।

छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किसानों से धान खरीदी प्रारंभ किए जाने के बाद नगर के सहकारी बैंक परिसर में पैसा निकालने के लिए किसानो की भीड़ के साथ-साथ वाद विवाद, गाली गलौज यहां तक कि झूमा झटकी का दृश्य प्रतिदिन देखा जा सकता था लेकिन इस वर्ष सहकारी बैंक में किसानों की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं के चलते किसानों को लाइन में लगकर बारी-बारी अपना पैसा प्राप्त करने में कोई परेशानी नहीं हो रही है।

सहकारी बैंक ब्रांच मैनेजर रश्मि गुप्ता ने बताया कि किसानों एवं अन्य ग्राहकों को राशि प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करने के लिए बैंक प्रबंधन के द्वारा इस वर्ष व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। विड्रॉल आवेदन के लिए सुबह 10:30 बजे से 2:30 बजे तक का समय निर्धारित करते हुए बैंक द्वारा निर्धारित अंतिम समय तक राषि वितरण की जा रही है वहीं बैंक परिसर के हाल में रेलिंग के माध्यम से विड्रॉल एवं अन्य कार्यों के लिए आए हुए ग्राहकों के लिए अलग-अलग लाइन बना दी गई है जिसके चलते बैंक परिसर के अंदर ग्राहकों में किसी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हो रही है। इसके साथ ही पैसा निकालने के लिए अलग-अलग सोसाइटियों के किसानों के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित कर दिया गया है जिसके चलते किसान निर्धारित दिनों में जाकर आसानी से पैसा प्राप्त कर रहे हैं। बैंक प्रबंधन के द्वारा सोमवार को अकलतरा, तिलई, चोरभट्टी, मंगलवार को कोटगढ़, कापन, खटोला, बुधवार को तरोद, अमोरा, नरियरा, किरारी,गुरुवार को पोड़ी, सांकर, करुमहूँ ,शुक्रवार को कोटमी, अकलतरी, पकरिया के किसानों को राशि वितरण के लिए निर्धारित करने के साथ-साथ शनिवार को केवल सिर्फ बैंकिंग कार्य, एन ई एफ टी व आरटीजीएस सहित अन्य कार्यों के लिए निर्धारित किया गया है।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम अफरीद प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. सारागाँव तहसील सारागाँव जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 1204, 1308 रकबा 0.36, 0.61 ए. के संबंध में न्यायालय श्रीमान आयुक्त महोदय बिलासपुर के समक्ष मामला लंबित है मामला के लंबित अवस्था में कोई भी व्यक्ति उक्त जमीन की खरीदी बिक्री न करें। अगर प्रकरण के लंबित अवस्था में खरीदी बिक्री करता है तो वह अवैध माना जावेगा और क्रेता विक्रेता स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। इसलिए इस सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि की खरीदी बिक्री न करें। उक्त खसरा नंबर के बटांकन की भी खरीदी बिक्री न किया जावे।

आज दिनांक 12.12.2025 को यह सूचना मेरे द्वारा जारी किया जाता है।

**सूचनाकर्ता**
**लक्ष्मण सोनी पिता स्व. बलदाऊ सोनी जाति सोनार निवासी अफरीद तहसील सारागांव जिला जांजगीर-चांपा**
**मो.नं. 9131823108**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25, दिनांक 09.12.2025, ग्राम कुरदा

**राजस्व मामले की नोटिस**

1. संतोष बाई कुर्रे 2. काजल 3. नेहा 4. निकिता 5. दुर्गेश 6. ना. बा. कुमारी उमा निवासी ग्राम कुरदा तह चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.).. **अपीलार्थीगण विरूद्ध** 01. गणेश राम कुर्रे पिता स्व. धनीराम 02. गणेशी बाई पिता स्व. धनीराम 03. गरहन बाई पति हरिश लहरे जाति सतनामी निवासी ग्राम बलौदा गुरु घासीदास चौक शिव ज्वेलर्स के सामने पा. बलौदा व्हाया अकलतरा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) **..उत्तरवादीगण**

प्रति,
01. गणेश राम कुर्रे पिता स्व. धनीराम 02. गणेशी बाई पिता स्व. धनीराम 03. गरहन बाई पति हरिश लहरे जाति सतनामी निवासी ग्राम बलौदा गुरु घासीदास चौक शिव ज्वेलर्स के सामने पा. बलौदा व्हाया अकलतरा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

अपीलार्थी संतोषी बाई कुर्रे उम्र. पति स्व. सुरेश कुमार निवासी ग्राम कुरदा तहसील चांपा वगै. जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा न्यायालय चांपा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202205062500020 अ-27/2024-25 ग्राम कुरदा पक्षकार गणेशराम वि. सुरेश कुमार वगै. में पारित आदेश दिनांक 31.12.2024 से क्षुब्ध होकर राजस्व अपील अतंर्गत धारा 44 छ.ग.भू.रा.सं. के अंतर्गत दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में उत्तरवादी की उपस्थिति / सुनवाई हेतु दिनांक 06.01.2026 नियत किया गया है। नियत दिनांक को आप न्यायालय में स्वत: या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं। नियत दिनांक तक उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षिय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 09.12.2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**चांपा**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दुरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontic & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, नसबंदी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री



मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान

पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

## खबर संक्षेप

### डेस्टिनेशन स्कूल ने जीता 20-20 वॉर्म अप मैच



**जांजगीर-चांपा।** चांपा के भालेराय मैदान में 29 दिसंबर से बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर 14 इंटर स्कूल टूर्नामेंट शुरू होने जा रहा है । इस प्रतियोगिता से पहले अलग अलग स्कूलों के मध्य अभ्यास मैच रखा गया है । दूसरे अभ्यास मैच में डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर ने जिंदल वर्ल्ड स्कूल सक्ती को हराया। जिंदल वर्ल्ड स्कूल सक्ती ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सिर्फ 56 रनों पर आल आउट हो गई जिसे डेस्टिनेशन स्कूल की टीम ने महज कुछ ही ओवरों में 4 विकेट गंवाने के बाद हासिल कर लिया। इस जीत में सर्वाधिक रन ऋषभ नामदेव ने बनाया वही अनमोल सिंह ने सर्वाधिक 4 विकेट लेकर जीत में अपना अहम योगदान दिया । डेस्टिनेशन स्कूल जांजगीर की बोलिंग अच्छी रही वही सक्ती जिंदल स्कूल का क्षेत्र रक्षण उम्दा रही । छोटे छोटे शहरों में क्रिकेट को लेकर प्रतिभाओं की खोज की लिए बीसीसीआई ने यह प्रतियोगिता आयोजित की है।

### गौवंश पशुओं के लिए पीहरीद में चल रहा पैरादान महा अभियान




**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत पिहरीद गोठान में 11 दिसंबर से पैरा महादान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बीडीसी श्रीमती ललिता डहरिया और सेवा सहकारी समिति पीहरीद 901 के समिति प्रबंधक अजय कुमार डहरिया एवं सहयोगी साथी लक्ष्मी प्रसाद डहरिया द्वारा दो ट्रेक्टर पैरा दान किया गया। इसी प्रकार अशोक कुर्रे एवं जलसिंह कुर्रे पिहरीद दोनो के द्वारा गौठान में पैरा दान किया तो आज 13 दिसंबर को पैरा महादान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जम्मू लाल कुर्रे ,हरि शंकर जांगड़े और हिरालाल महिलागे द्वारा एक ट्रेक्टर पैरा दान किया। इसके अलावा समयलाल बंजारे निखिल जाटवर द्वारा भी पैरा दान किया गया तथा गांव के अन्य ग्रामीणों से भी गौवंश की सुरक्षा के लिए पैरा दान करने का अपील किया है।

### पामगढ़ तहसील साहू संघ का हुआ चुनाव, मनोज बने अध्यक्ष



**तनौद।** पामगढ़ तहसील साहू संघ का चुनाव हुआ। इस चुनाव में साहू समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अध्यक्ष पद के चुनाव में कांटे की टक्कर देखने को मिली। मनोज साहू डोंगकोहरौद को 129 एवं पुष्कर साहू खरौद को 118 वोट प्राप्त हुए, वहीं 2 वोट रिजेक्टेड हो गया। इस चुनाव में मनोज साहू 9 वोट से विजयी हुए। मनोज साहू (डोंगकोहरौद वाले) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पुष्कर साहू खरौद वाले को 9 मतों के अंतर से हराकर पामगढ़ तहसील साहू संघ के अध्यक्ष का पद हासिल किया। अन्य विजयी पदाधिकारियों मेंउपाध्यक्ष (पुरुष) नूतन साहू, उपाध्यक्ष (महिला) श्रीमती सरोज साहू, संगठन सचिव (पुरुष) नागेश्वर साहू ,संगठन सचिव (महिला) अभिलाषा साहू विजय हुए। पामगढ़ तहसील साहू संघ के अंतर्गत खरौद,धरदेई, तनौद ,पामगढ़ ,चण्डी पारा क्षेत्र आते है।

### नव पदस्थ प्राचार्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी से किये सौजन्य मुलाकात



**मालखरौदा।** विकासखंड के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्राचार्य पद पर पदोन्नति उपरांत कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात सोमवार 15 दिसंबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर श्रीमती कुमुदिनी बाघ द्विवेदी जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती से गुलदस्ता एवं साल भेंट कर सौजन्य मुलाकात किये । भेंट करने वालों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमनदुला के प्राचार्य शिव कुमार गबेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फगुरम के प्राचार्य संतोष कुमार साहू ,साहेब कबीर शा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोता से प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी चंद्रा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिरदा से प्राचार्य रामभरोस सिदार एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरौदा के प्राचार्य छबि लाल दिव्य शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी महोदया ने नव पदस्थ सभी प्राचार्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी प्राचार्य अपने स्कूलों में विद्यार्थियों के हित में कार्य करते हुए स्कूल तथा जिला का नाम रोशन करें।

शिकायत लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष पहुंचे थाना

# पोस्ट ऑफिस में निवेश के नाम पर सैकड़ों लोगों से ठगी, युवक फरार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा**

पोस्ट ऑफिस में खाता खोलने और नियमित रूप से पैसा जमा कराने का झांसा देकर सैकड़ों लोगों से ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चांपा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में दीपक देवांगन नामक युवक ने पोस्ट ऑफिस में जमा करने के नाम पर महिलाओं, व्यापारियों, लेबर और मजदूर वर्ग के लोगों से लाखों रुपये की वसूली की और अब फरार हो गया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी युवक भोजपुर चांपा का निवासी है, जो पिछले तीन से पांच वर्षों से रोजाना दुकानों, ठेले–गुमटी और घर-घर जाकर लोगों से पैसा कलेक्ट करता था। लोगों को भरोसा दिलाया जाता था कि उनकी रकम पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में सुरक्षित जमा की जा रही है और भविष्य में उन्हें एकमुश्त बड़ी राशि मिलेगी। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी ने अधिकांश खाताधारकों को पासबुक तक नहीं दी और सभी पासबुक अपने पास रखी। उसके घर से करीब 500 से अधिक पासबुक मिलने की जानकारी सामने आई है, जिनमें कई खातों में केवल खाता खुलने के समय या एक-दो माह तक ही राशि जमा दिख रही है, जबकि उसके बाद की रकम आज दिनांक तक पोस्ट ऑफिस में जमा ही नहीं की गई। घटना की जानकारी मिलते ही आरोपी के घर और चांपा पोस्ट ऑफिस परिसर में सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए। वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष अपनी शिकायत लेकर चांपा थाना भी पहुंचे। ठगी का शिकार हुए लोग अपनी मेहनत की कमाई वापस मिलने की मांग कर रहे हैं। इस घटना से क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। खासकर गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों ने रोजाना की बचत भविष्य के लिए जमा की थी, लेकिन अब उनके सपनों पर पानी फिर गया है। पुलिस ने शिकायतें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।



अपनी शिकायत लेकर थाना पहुंचे खाता धारक।



शिविर में चिकित्सक का सम्मान करती प्राचार्य व लायंस सदस्य।

## लायंस क्लब के निःशुल्क निःसंतान दंपत्ति जांच शिविर से 42 लाभान्वित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा**

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा एवं आर. एल. हॉस्पिटल रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 14 दिसम्बर को प्रातः 10 से अपरान्ह 4 बजे तक लायंस इंग्लिश स्कूल में निःशुल्क निःसंतान दंपत्ति जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हॉस्पिटल की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया अग्रवाल द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गयी। शिविर से कुल 42 लोग लाभान्वित हुए जिन्हें आवश्यक जांच के पश्चात डॉ. प्रिया अग्रवाल द्वारा जरूरी परामर्श देकर उपचार प्रदान किया गया।

शिविर के समापन समारोह के अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि लायंस क्लब चांपा द्वारा समय-समय पर समाज सेवी कार्य संपादित किये जाते है, इसके तहत शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने शिविर में सेवाएं प्रदान करने वाली डॉ. प्रिया अग्रवाल के प्रति आभार ज्ञापित किया। क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में नगर तथा आस-पास के ग्रामों से आये 42 निःसंतान दंपत्तियों कि आवश्यक जांच के बाद उन्हें जरूरी परामर्श देकर लाभान्वित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब चांपा द्वारा आयोजित शिविर में सेवाएं प्रदान कर उन्हें आत्मीय संतोष प्राप्त होता है। उन्होंने क्लब द्वारा भविष्य में भी इस तरह का शिविर आयोजित किये जाने पर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। शिविर को सफल बनाने में लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव देवांगन, लायन डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल तथा लायन एम. के. पारिक सहित लायंस स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## चिकित्सा विज्ञान में उच्च शिक्षा के लिए चयनित विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ चेंबर्स आफ कॉमर्स और इंडस्ट्री अकलतरा इकाई के तत्वाधान में चिकित्सा विज्ञान में एमबीबीएस करने के पश्चात



उच्च शिक्षा के लिए चयनित चिकित्सकों का नगर के डीएल मल्टीप्लेक्स स्थित सभागार में शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अकलतरा इकाई के अध्यक्ष विजय केडिया ने बताया कि चैंबर्स के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे अथवा अध्ययन करने वाले प्रतिभावान व्यक्तित्वों को सम्मानित करने की परंपरा का परिपालन किया जा रहा है इसी क्रम में नगर के राइस मिल व्यवसायी सुनील खंडेलिया के पुत्र एवं नीट परीक्षा की प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त कर एमबीबीएस करने के पश्चात एमडी मेडिसिन के लिए चयनित डॉ. हर्षित खंडेलिया सहित डॉ. आदित्य करदुकर मेडिसिन,डॉ. वैभव गरद ऑर्थोपेडिक,डॉ. ऋषिकेश खांडवे ऑर्थोपेडिक,डॉ. किशन दुदानी रेडियोलॉजिस्ट,डॉ. खगेश नथानी पैथोलॉजिस्टडॉ. यश उके डर्मेटोलॉजिस्ट,डॉ. अंकित सिंह रेस्पिरेटरी मेडिसिन/चेस्ट मेडिसिन , गौरव कोठारी इलेक्ट्रिकल इंजीनियर आईआईटी दिल्ली एवं वृषभ कोरके का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रभात बगड़िया, पंकज दोषी, प्रकाश वाधवा, मनोज गोयल, नवल अग्रवाल, रजनीश गुप्ता, पंकज भारती, सुनील खंडेलिया, विपुल केडिया, अभिषेक केडिया एवं चैंबर्स के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## विकसित भारत में समाजसेवी युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिकाः अग्रवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा**

एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा ग्राम कटघरी में नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

- **कटघरी में नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित**

अध्यक्षता अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सह सचिव पंकज दोशी जी ने किया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच श्रीमती फूलबाईनायक, उपसरपंच बालचंद क्षत्रिय, अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन ,आय व्यय निरीक्षक विकास केडिया तथा शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा , जे के नेशनल स्कूल के एडमिन करण सिंह चंदेल ,सरपंच प्रतिनिधि भागबली नायक, पंच बूंदराम, विभीषण उपस्थित थे। मां सरस्वती छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र में पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में औपचारिक शिक्षा पर जोर दिया उन्होंने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर एवं विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों में व्यक्तित्व विकास के बेहतर अवसर प्रदान करता है। स्वयंसेवक ग्रामीण परिवेश में व्याप्त सामाजिक संबंधों की जीवंतता का अनुभव कर समाज सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान दें। विकसित भारत में समाजसेवी युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंचस्थ सभी अतिथियों ने विशेष शिविर की सफलता के लिए स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं प्रदान की। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी आर के पांडे एवं महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा यादव द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिविरार्थी छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।


शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथिगण।

### जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, मिले 76 आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर ने आमजनों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए। डिप्टी कलेक्टर शशि कुमार चौधरी ने सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को से सुना। जनदर्शन में कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने सभी आवेदनों को समय पर निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में तहसील शिवरीनारायण निवासी देवचरण साहू द्वारा मोटराइज्ड सायकल प्रदान करने, तहसील मुख्यालय बलौदा निवासी सनत लाल द्वारा खाता विभाजन करवाने, तहसील पामगढ़ अंतर्गत ग्राम कोड़ाभाट निवासी श्रीमती राममती यादव द्वारा दिव्यांग पेंशन दिलवाने, तहसील मुख्यालय जांजगीर के ललित साहू वृद्धावस्था पेंशन योजना की राशि दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। उन्होंने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

## बिजली की कटौती से दर्जनभर गांव के उपभोक्ता हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा**

विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में बिजली की बार बार कटौती से विद्युत उपभोक्ता परेशान है। क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली के बार-बार आने जाने एवं दिनभर स्थाई कटौती करने के कारण बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- **व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ स्थायी रुप से विद्युत सप्लाई करने ग्रामीणों ने की मांग**

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रायपुर के द्वारा कनिष्ठ यंत्री कार्यालय की स्थापना बिर्रा में किया गया है।



ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए बिर्रा के बाजार चौक में 33/ 11 के वी सब स्टेशन की स्थापना सालों पहले किया गया है, लेकिन विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या जस की तस बनी हुई है। हालांकि क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिर्रा में विद्युत वितरण केंद्र खुलने से मन में आस जगी थी कि हमारे यहां विद्युत वितरण केंद्र खुल गया है अब बिजली कटौती नहीं होगी, लेकिन आए दिन बिजली कटौती हो रही है। कभी डियो काटने तो कभी जम्फर के कटने या फिर तार टूटने आदि का बहाना बनाकर बेवजह दिन भर बिजली बंद करके रखा जा रहा है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में बिजली की बार बार कटौती से विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली के बार-बार आने जाने एवं दिनभर बिजली की स्थाई कटौती करने के कारण बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं ने बिजली सुधार कर स्थाई रूप से विद्युत सप्लाई करने की मांग किए हैं।

## रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण**

शिवरीनारायण के केशरवानी कल्याण भवन में 14 दिसंबर को केशरवानी मित्र मंडल, श्याम हॉस्पिटल बिलासपुर,संकट मोचन ब्लड सेंटर एवं केशरवानी डेंटल क्लिनिक के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लोगो ने बढ़चढ़ कर योगदान दिया।

इस स्वास्थ्य शिविर में तक़रीबन 293 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। वहीं 90 लोगों ने रक्तदान किया एवं 203 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। सभी ने इस शिविर को एवं उपस्थित डॉक्टरों के सहयोग की सराहना की। श्याम हॉस्पिटल के संचालक डॉ अभिलेश केशरवानी ने कहा कि यह शिविर बहुत ही सफल रहा और आशा करते है केशरवानी मित्र मंडल नित नये ऐसे ही परोपकारी कार्यों का क्रियान्वयन करते रहें। इस आयोजन को सफल बनाने में केशरवानी मित्र मंडल के सदस्यों पार्थ केशरवानी, चिराग केशरवानी,नितेश केशरवानी, प्रांशु केशरवानी, गौरव (दादू) केशरवानी, रुपेश केशरवानी,नागेश केशरवानी, अमन केशरवानी, वासु केशरवानी,उपेंद्र केशरवानी, रितेश केशरवानी आदि सदस्यों ने अपना योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।


शिविर में उपस्थित चिकित्सक एवं केशरवानी मित्र मंडल के सदस्य।

21 से शुरू होगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, बनाए गए 960 बुथ

# जिले में 1 लाख 53 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा**

जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 21 दिसंबर से शुरू होगा। इसके लिए जिले में 960 बुथ बनाए गए है। अभियान के तहत जिले में 1 लाख 53 हजार से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद की खुराक पिलाई जाएगी। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में सोमवार 15 दिसंबर को जिला कार्यबल की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 21 दिसंबर से शुरू होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व, महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, मितानिनों, ग्राम के कोटवार, निजी चिकित्सालय, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाये। उन्होंने कहा राज्य, जिला, विकासखण्ड व सेक्टर स्तर के अधिकारी द्वारा पल्स



पोलियो अभियान का सतत मॉनिटरिंग किया जायेगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे सभी अभिभावकों से अपील हैं कि शून्य से 05 साल तक के सभी बच्चों को 21 दिसंबर को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद की खुराक अवश्य पिलायें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर से शुरू होगा। तीन दिवसीय इस अभियान में जांजगीर जिले के 0 से 5 वर्ष तक के 1 लाख 53 हजार 914 बच्चों को पोलियो खुराक दी जाएगी। अभियान के पहले दिन 21 दिसम्बर को बुथ स्तर पर एवं 22 तथा 23 दिसम्बर को बुथ गतिविधियों में छुटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा गृह भेंट कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। उन्होंने जिले में 960 बुथ बनाए गए जिसमें ग्रामीण स्तर में 795, शहरी स्तर में 165 तथा ट्रांजिट दल 21 एवं मोबाईल दल 10 बनाए गये हैं। जिसमें कुल 3840 वैक्सीनेटर एवं 192 पर्यवेक्षक उक्त अभियान में कार्य सम्पादित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू के मरकाम, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

